
# जीईईटी व्यवस्थापक ऐप उपयोगकर्ता पुस्तिका

## सूची



| क्रमांक | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सबसे पहला लॉगिन | 3 |
| 2. | मुख्य स्क्रीन | 5 |
| 3. | नेविगेशन मेन्यू | 7 |
| 4. | डेटा प्रविष्टि - एसईसीसी डेटा | 9 |
| 5. | डेटा प्रविष्टि - नया रिकॉर्ड जोड़ना | 12 |
| 6. | डेटा प्रविष्टि - पात्रता कार्ड डेटा | 15 |
| 7. | योजनाएं - पात्रता | 18 |
| 8. | पात्रता ट्रैकिंग – व्यक्तिगत | 27 |
| 9. | पात्रता ट्रैकिंग – पारिवारिक | 29 |
| 10. | शिकायतें – व्यक्तिगत | 31 |
| 11. | शिकायतें – पारिवारिक | 34 |
| 12. | सेटिंग्स | 38 |
| 13. | लॉगआउट | 42 |
| 14. | पुन: लॉगिन | 43 |

## सबसे पहला लॉगिन

जब जीईईटी व्यवस्थापक ऐप पहली बार खोला जाता है, तो उपयोगकर्ता को सिस्टम पर लॉग इन करने के लिए एक 'लॉगिन स्क्रीन' मिलती है। एप्लीकेशन में प्रवेश करने के लिये उपयोगकर्ता को एक सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होगी।



सफलतापूर्वक लॉगिन के बाद उपयोगकर्ता को उस क्षेत्र का का चयन करने के लिये कहा जाता है  जहां पर वह कार्य करना चाहते हैं।





एक बार उपयोगकर्ता द्वारा राज्य, जिला, तहसील और गांव का चयन किये जाने पर ऐप चयनित क्षेत्र से संबंधित सभी डेटा को डाउनलोड कर लेगा। उपयोगकर्ता के पास एक सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन होना आवश्यक है।  डेटा डाउनलोड होने के दौरान ऐप में कोई अन्य संचालन नहीं किया जा सकता।

आवश्यक डेटा के सफलतापूर्वक डाउनलोड होने पर मुख्य स्क्रीन दिखाई देगी।

## मुख्य स्क्रीन

नीचे दिए गए स्क्रीनशॉट में हम मुख्य स्क्रीन देख सकते हैं:




1. 1. ऐप का शीर्षक
2. नेवीगेशन मेन्यू बटन

   यह बटन स्क्रीन के शीर्ष-बाएं कोने में स्थित होता है। इस बटन पर टैप करने से, स्क्रीन के बाएं किनारे की ओर से नेवीगेशन मेन्यू खुलता है।

3. वर्तमान क्षेत्र

ऐप में वर्तमान चयनित क्षेत्र इस प्रकार प्रदर्शित होता है

<राज्य> / <जिला> / <तहसील> / <गांव>

4. सेटिंग्स बटन

सेटिंग बटन पर टैप करने से सेटिंग स्क्रीन खुलती है ।

5. डेटा प्रविष्टि अनुभाग

इस अनुभाग में दिए गए बटन उपभोगकर्ता को व्यक्तियों और परिवार के रिकार्ड में डेटा प्रविष्टि और डेटा संशोधन के लिये मौजूद विभिन्न तरीकों की ओर ले जाते हैं।

ए. 'एसईसीसी डेटा' बटन

एसईसीसी डेटा में उपलब्ध व्यक्तिगत रिकार्ड की सूची तक ले जाता है। वहां से, उन रिकार्डों को जीईईटी प्रणाली के अनुकूल प्रारूप में सत्यापित और सुरक्षित किया जा सकता है।

बी. 'ऐड न्यू रिकॉर्ड' बटन

नये व्यक्तिगत रिकार्ड तैयार करने के लिये रिकार्ड निर्माण फार्म तक ले जाता है।

सी. 'एंटाइटलमेंट कार्ड डेटा' बटन

ऐप में चुने गए मौजूदा क्षेत्र के अन्तर्गत संग्रहित व्यक्तिगत रिकार्ड की सूची तक ले जाता है। **परिवारिक रिकार्डों के बारे में ध्यान दें:** इस बटन का प्रयोग करने पर प्रदर्शित पात्रता कार्ड डेटा स्क्रीन में सभी परिवारों का रिकार्ड और सूची देखने के लिये भी बटन दिए गए हैं।

6. योजना अनुभाग

इस अनुभाग में 'चेक एलिजिबिलिटी' बटन योजना खोज प्रक्रिया की ओर ले जाता है। वहां से उपयोगकर्ता व्यक्तियों या परिवारों के लिये उपयुक्त योजनाओं की खोज और जांच कर सकता है।

7. पात्रता ट्रैकिंग अनुभाग


इस अनुभाग में दिए गए बटन व्यक्तियों या परिवारों द्वारा लाभान्वित योजनाओं की ट्रैकिंग करने की प्रक्रिया की ओर ले जाते हैं।

8. पात्रता शिकायत अनुभाग

इस अनुभाग में दिए गए बटन व्यक्तियों या परिवारों से सम्बंधित शिकायतों की ट्रैकिंग करने की प्रक्रिया की ओर ले जाते हैं।

## नेवीगेशन मेन्यू

निम्न स्क्रीनशॉट नेवीगेशन मेन्यू दशार्ता है जो एप्लिकेशन के बाएं किनारे से खुलता है।






1. वर्तमान में लॉग इन उपयोगकर्ता
   वर्तमान में लॉग इन किये गए उपयोगकर्ता का नाम (यूजर-नेम) प्रदर्शित करता है।
2. लॉगआउट बटन
   वर्तमान में लॉग इन किये गए उपयोगकर्ता को लॉग आउट करने की अनुमति देता है।
3. डेटा प्रविष्टि मेन्यू
   इस ड्रॉपडाउन मेन्यू में दिए गए बटन व्यक्तियों और परिवारों के रिकॉर्ड सम्बंधित डेटा प्रविष्टि और डेटा संशोधन के लिए उपलब्ध अलग-अलग तरीकों की ओर ले जाता है।
   a. 'एसईसीसी' बटन
      एसईसीसी डेटा में उपलब्ध व्यक्तिगत रिकार्ड की सूची तक ले जाता है। वहां से, उन रिकार्डों को जीईईटी प्रणाली के अनुकूल प्रारूप में सत्यापित और सुरक्षित किया जा सकता है।
   b. 'ऐड न्यू रिकॉर्ड' बटन
      नये व्यक्तिगत रिकार्ड तैयार करने के लिये रिकार्ड निर्माण फार्म तक ले जाता है।

c. ‘एंटाइटलमेंट कार्ड डेटा’ बटन
   ऐप में चुने गए मौजूदा क्षेत्र के अन्तर्गत संग्रहित व्यक्तिगत रिकार्ड की सूची तक ले जाता है।
   **परिवारिक रिकार्डों के बारे में ध्यान दें:** इस बटन का प्रयोग करने पर प्रदर्शित पात्रता कार्ड डेटा स्क्रीन में सभी परिवारों का रिकार्ड और सूची देखने के लिये भी बटन दिए गए हैं।


4. योजनाएं मेन्यू
   इस ड्रापडाउन मेन्यु में ‘चेक एलिजिबिलिटी’ बटन योजना खोज प्रक्रिया की ओर ले जाता है। वहां से उपयोगकर्ता व्यक्तियों या परिवारों के लिये उपयुक्त योजनाओं की खोज और जांच कर सकता है।
5. पात्रता ट्रैकिंग मेन्यू
   इस ड्रापडाउन मेन्यु में दिए गए बटन व्यक्तियों या परिवारों द्वारा लाभान्वित योजनाओं की ट्रैकिंग करने की प्रक्रिया की ओर ले जाते हैं।
6. पात्रता शिकायत मेन्यू
   इस ड्रापडाउन मेन्यु में दिए गए बटन व्यक्तियों या परिवारों से सम्बंधित शिकायतों की ट्रैकिंग करने की प्रक्रिया की ओर ले जाते हैं।
7. रिपोर्ट्स (प्रतिवेदन)
   ऐप के भविष्य में उपलब्ध होने वाले संस्करण में, यह मेन्यू बटन विभिन्न डेटा-रिपोर्ट प्रदर्शित करेगा।
8. जीआईएस डैशबोर्ड।
   ऐप के भविष्य में उपलब्ध होने वाले संस्करण में, यह मेन्यू बटन विभिन्न डेटा को एक मानचित्र के माध्यम से प्रदर्शित करेगा।

## डेटा प्रविष्टि - एसईसीसी डाटा

एसईसीसी डेटा को देखने या सत्यापित करने के लिए, उपयोगकर्ता को ऐप में एसईसीसी डेटा सुविधा को एक्सेस करना होगा। इस सुविधा को होम स्क्रीन पर उपलब्ध निम्न दो विकल्पों का उपयोग कर खोला जा सकता है:

<table>
<tr>
<td>
</td>
<td>
</td>
</tr>
<tr>
<td>होम स्क्रीन में डेटा प्रविष्टि अनुभाग के तहत ‘एसईसीसी डेटा’ बटन</td>
<td>होम स्क्रीन के बाएं किनारे से खुलने वाले नेविगेशन पैनल में डेटा प्रविष्टि मेन्यू के अंतर्गत एसईसीसी डेटा बटन</td>
</tr>
</table>

जब एसईसीसी डेटा स्क्रीन खोली जाती है तो उपयोगकर्ता के लिये नीचे दिखाई गयी स्क्रीन प्रस्तुत होती है:




बीच का क्षेत्र, व्यक्तियों के लिए एसईसीसी रिकॉर्ड की सूची प्रदर्शित करता है। उपयोगकर्ता क्रमश: 'वेरिफाइड' और 'नॉट वेरिफाइड' टैब का उपयोग कर सत्यापित और असत्यापित एसईसीसी रिकॉर्ड को अलग-अलग देख सकते हैं।

**एसईसीसी डेटा का सत्यापन**

'वेरीफाई एसईसीसी डेटा' से मतलब है एसईसीसी डेटा को जीईईटी प्रणाली के अनुरूप किसी प्रारूप में रुपांतरण करना। ऐसा करने के लिए उपयोगकर्ता को उस व्यक्तिगत रिकार्ड के लिये दिए गए 'वेरीफाई' बटन पर टैप करना होगा। यह उस रिकार्ड के लिये सभी मानकों को प्रदर्शित करेगा। इस मामले में सिर्फ वही व्यक्तिगत रिकार्ड प्रदर्शित होंगे जो जीईईटी में एक व्यक्तिगत रिकार्ड के लिये आवश्यक होते हैं। यह सभी क्षेत्रों को प्रदर्शित नहीं करेगा। रिकार्ड के लिये सभी क्षेत्रों और मानकों को पढ़ने के बाद उपयोगकर्ता 'वेरीफाई' और 'सेव' पर टैप कर सकता है। जीईईटी में रिकार्ड बनाने से पहले भी उपयोगकर्ता आवश्यतानुसार कुछ क्षेत्रों को संशोधित कर सकता है।

यदि उपयोगकर्ता को पहले किसी व्यक्ति के रिकार्ड की सभी जानकारी को बस देखना है तो उपयोगकर्ता को सिर्फ उस रिकार्ड के लिये 'व्यू' बटन दबाना होगा और ऐसा करते ही उस रिकार्ड के सभी क्षेत्रों के मानक दिख जाएँगे।

**रिकॉर्ड्स का वर्गीकरण:**

रिकॉर्ड की सूची का वर्गीकरण स्क्रीन के शीर्ष-दाएं स्थित वर्गीकरण (सोर्टिंग) मेन्यू का उपयोग करके किया जा सकता है।


**रिकॉर्ड्स खोजना:**





उपयोगकर्ता 'सर्च स्ट्रिंग' और वह क्षेत्र जिसमें स्ट्रिंग को खोजा जाना चाहिये टाइप करके रिकॉर्ड्स को ढूंढ सकते हैं।

## डेटा प्रविष्टि - नया रिकार्ड जोड़ना


किसी व्यक्ति का नया रिकार्ड बनाने के लिए उपयोगकर्ता, होम स्क्रीन में निम्न दो विकल्पों का प्रयोग कर सकता है:

<table>
<tr>
<td>


</td>
<td>


</td>
</tr>
<tr>
<td>होम स्क्रीन में डेटा एंट्री अनुभाग के अर्न्तगत 'ऐड न्यू रिकॉर्ड' बटन</td>
<td>होम स्क्रीन के बाएं किनारे से खुलने वाले नेविगेशन पैनल में डेटा एंट्री अनुभाग के अर्न्तगत 'ऐड न्यू रिकॉर्ड' बटन</td>
</tr>
</table>

जब 'ऐड न्यू रिकॉर्ड' स्क्रीन खोली जाती है तो उपयोगकर्ता के लिये नीचे दिखाई गयी स्क्रीन प्रस्तुत होती है:




किसी व्यक्ति का नया रिकार्ड जोड़ने के क्रम में हमें एक परिवार की आवश्यकता होती है जिससे वह व्यक्ति सम्बंधित होता है। यहां परिवार के लिये दो विकल्प हैं:


- परिवार संख्या या अस्थायी परिवार संख्या का प्रयोग कर मौजूदा परिवार चुनें
- या नए परिवार की जानकारी जोडें

एक बार जब परिवार संख्या दर्ज हो जाती है तो हम उपयोगकर्ता की मूलभूत जानकारी जैसे नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि आदि भर सकते हैं।

एक व्यक्तिगत रिकार्ड के लिए मूलभूत जानकारी के अन्तर्गत जानकारी दर्ज करना आवश्यक है।

बुनियादी जानकारी के अलावा, हम जानकारी की निम्न अलग-अलग श्रेणियों के अर्न्तगत अतिरिक्त विवरण भी दर्ज कर सकते हैं:

1. आईडी कार्ड, 2. सामाजिक सुरक्षा, 3. कौशल विकास, 4. स्वच्छता,
5. स्वास्थ्य और पोषण, 6. आजीविका और रोजगार, 7. आवास,
8. महिला और बाल विकास, और 9. बीमा







किसी अतिरिक्त विवरण को जोड़ते समय हम स्क्रीन के शीर्ष के पास दिये <और > बटन का प्रयोग कर जानकारी की पिछली और अगली श्रेणियों के लिए नेवीगेट कर सकते हैं। 'डन' बटन पर टैप करने से ऐप श्रेणी के लिये दर्ज विवरण को ध्यान रखेगा और हमें वापस मूलभूत जानकारी फार्म पर ले जायेगा।

जब किसी व्यक्ति के लिये उपलब्ध सारी जानकारी (मूलभम और साथ ही अतिरिक्त) भर दी गयी हो तो ऐप में व्यक्तिगत रिकार्ड बनाने के लिये 'सेव' बटन पर टैप करें।

## डेटा प्रविष्टि - पात्रता कार्ड डेटा

व्यक्तियों और परिवारों के सभी रिकॉर्ड देखने के लिए, उपयोगकर्ता होम स्क्रीन में निम्न दो विकल्पों का उपयोग कर सकता है:

| | |
|---|---|
|   |   |
| होम स्क्रीन में डेटा प्रविष्टि अनुभाग के अंतर्गत 'एंटाइटलमेंट कार्ड डेटा' बटन | होम स्क्रीन के बाएं किनारे से खुलने वाले नेविगेशन पैनल में डेटा एंट्री अनुभाग के अंतर्गत 'एंटाइटलमेंट कार्ड डेटा' बटन |




'एंटाइटलमेंट कार्ड डेटा' स्क्रीन खोलने पर हमें वर्तमान में चयनित क्षेत्र में सभी व्यक्तिगत रिकार्ड की सूची प्रदर्शित होती है। इसके अतिरिक्त हम स्क्रीन के शीर्ष पर दिये 'हाउसहोल्ड रिकाड्‌र्स' बटन का प्रयोग कर सभी परिवारों के रिकार्ड को भी देख सकते हैं।

प्रत्येक व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए, नीले रंग के एचएच नंबर पर टैप करने से उस परिवार संख्या के लिए परिवार रिकॉर्ड खुलता है।


एक व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए दिए गए 'ट्रैकिंग रजिस्टर' बटन का प्रयोग करके हम उस व्यक्ति का योजना ट्रैकिंग रजिस्टर देख सकते हैं जिसमें उन योजनाओं की सूची प्रदर्शित होगी जिनके लिये उसके द्वारा आवेदन किया गया है या जिनका लाभ उठाया गया है। इस दस्तावेज के व्यक्ति और परिवार सम्बंधित स्क्रीन के लिये 'पात्रता निगरानी' अनुभाग में ट्रैकिंग रजिस्टर की सुविधाओं और कार्यक्षमताओं का विस्तृत में वर्णन किया गया है।

यदि हम किसी व्यक्ति की जानकारी को संशोधित या अपडेट करना चाहते हैं तो उस रिकार्ड के लिये दिए गए 'अपडेट' बटन का प्रयोग करके ऐसा किया जा सकता है।

## रिकॉड्‌र्स का वर्गीकरण:

रिकॉर्ड की सूची का वर्गीकरण स्क्रीन के शीर्ष-दाएं स्थित वर्गीकरण (सोर्टिंग) मेन्यू का उपयोग करके किया जा सकता है।


## रिकॉड्‌र्स खोजना:




उपयोगकर्ता 'सर्च स्ट्रिंग' और वह क्षेत्र जिसमें स्ट्रिंग को खोजा जाना चाहिये टाइप करके रिकॉड्‌र्स को ढूंढ सकते हैं।

**परिवार के रिकॉड्र्स:**

"एंटाइटलमेंट डेटा कार्ड" स्क्रीन के शीर्ष क्षेत्र पर दिए गए 'हाउसहोल्ड रिकाड्र्स' बटन का प्रयोग करके हम सभी परिवारों के रिकार्ड देख सकते हैं।




एक परिवार के रिकॉर्ड के लिए दिए गए 'हाउसहोल्ड ट्रैकिंग' बटन का प्रयोग करके हम उस परिवार का योजना ट्रैकिंग रजिस्टर देख सकते हैं जिसमें उन योजनाओं की सूची प्रदर्शित होगी जिनके लिये उस परिवार द्वारा आवेदन किया गया है या जिनका लाभ उठाया गया है। इस दस्तावेज के व्यक्ति और परिवार सम्बंधित स्क्रीन के लिये 'पात्रता निगरानी' अनुभाग में ट्रैकिंग रजिस्टर की सुविधाओं और कार्यक्षमताओं का विस्तृत में वर्णन किया गया है।

यदि हम किसी परिवार की जानकारी को संशोधित या अपडेट करना चाहते हैं तो उस रिकार्ड के लिये दिए गए 'अपडेट' बटन का प्रयोग करके ऐसा किया जा सकता है।

**रिकॉड्र्स का वर्गीकरण:**

रिकॉर्ड की सूची का वर्गीकरण स्क्रीन के शीर्ष-दाएं स्थित वर्गीकरण (सोर्टिंग) मेन्यू का उपयोग करके किया जा सकता है।



**रिकॉड्र्स खोजना:**





उपयोगकर्ता 'सर्च स्ट्रिंग' और वह क्षेत्र जिसमें स्ट्रिंग को खोजा जाना चाहिये टाइप करके रिकॉड्र्स को ढूंढ सकते हैं।


# योजनाएं - पात्रता

कुछ विशिष्ट मापदंडों का प्रयोग करते हुए व्यक्तियों और परिवारों की योजना योग्यता की जांच करने के लिये उपयोगकर्ता, योजना खोज स्क्रीन को खोलने के लिये निम्न दो विकल्पों का प्रयोग कर सकता है:

| | |
|---|---|
|  |  |
| होम स्क्रीन में योजना खोज अनुभाग के अन्तर्गत 'चेक एलिजिबिलिटी' बटन | होम स्क्रीन के बाएं किनारे से खुलने वाले नेविगेशन पैनल में 'योजनाएं' मेन्यू के अंतर्गत 'चेक एलिजिबिलिटी' बटन |

| | |
|---|---|
|  | पहले चरण में, हमें यह चुनना होगा कि हम व्यक्तियों के लिये योजनाओं की खोज करना चाहते हैं या परिवारों के लिए।<br>जैसा कि नाम से ज्ञात होता है, 'व्यक्तियों के लिए योजना खोज' बटन, खोज मानदंडों के आधार पर व्यक्तियों के लिये उपयुक्त उपलब्ध योजनाएं खोजने की अनुमति देता है।<br><br>इसी तरह से, 'परिवारों के लिए योजना खोज' बटन, खोज मानदंडों के आधार पर परिवारों  के लिये उपयुक्त उपलब्ध योजनाएं खोजने की अनुमति देता है। |


**व्यक्तियों के लिए योजना खोज:**





उपरोक्त अनुभाग में समझाया गया तरीका हमें सीधे पात्रता संख्या (ईसीआईडी) या अस्थायी पात्रता संख्या (टेम्परेरी ईसीआईडी) दर्ज करके नामित व्यक्ति के लिये उपलब्ध योजनाओं की सूची प्रदर्शित करने की अनुमति देता है। व्यक्ति के लिए उपयुक्त योजनाओं को जांचने और प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक व्यक्तिगत जानकारी ऐप के पास पहले से ही होती है। इसलिए हमें पात्रता संख्या (ईसीआईडी) या अस्थायी पात्रता संख्या (टेम्परेरी ईसीआईडी) के अलावा कोई अन्य इनपुट देने की आवश्यकता नहीं होती है।

हालांकि यदि हमें सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण, आजीविका और रोजगार, आवास आदि जैसी विभिन्न श्रेणियों से संबंधित सूचना के किसी एक निश्चित मानदंड के अनुसार यह जांचने की ज़रूरत है कि कौन सी योजनाएं लागू होती हैं तो हम जानकारी श्रेणी पर टैप कर सकते हैं, आवश्यक मानदंड दर्ज कर सकते हैं और परिणाम दिखाने के लिए खोज पर टैप कर सकते हैं।

पात्रता नंबर के उपयोग द्वारा व्यक्तियों के लिये योजना खोज परिणाम:



खोज मापदंड के उपयोग द्वारा योजना खोजः




सामाजिक सुरक्षा के लिए योजना खोज मानदंड

- राज्य: झारखंड
- विकलांगता: हाँ
- लिंग: पुरुष
- बीपीएल: हां
- वैवाहिक स्थिति: विवाहित
- स्वयं की कोई भूमि: नहीं
- घर का प्रकार: बेघर
- आयु: 35
- जाति: अनुसूचित जाति
- आय का मुख्य स्रोत: मैनुअल अनौपचारिक श्रम
- आदिवासी जनजातीय समूह: हां




## परिवारों के लिए योजना खोज:




उपरोक्त अनुभाग में समझाया गया तरीका हमें सीधे परिवार संख्या या अस्थायी परिवार संख्या दर्ज करके नामित परिवार के लिये उपलब्ध योजनाओं की सूची प्रदर्शित करने की अनुमति देता है। परिवार के लिए उपयुक्त योजनाओं को जांचने और प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक पारिवारिक जानकारी ऐप के पास पहले से ही होती है। इसलिए हमें परिवार संख्या या अस्थायी परिवार संख्या के अलावा कोई अन्य इनपुट देने की आवश्यकता नहीं होती है।

यदि हमें सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण,आजीविका और रोजगार, आवास आदि जैसी विभिन्न श्रेणियों से संबंधित सूचना के किसी एक निश्चित मानदंड के अनुसार यह जांचने की ज़रूरत है कि कौन सी योजनाएं लागू होती हैं तो हम जानकारी श्रेणी पर टैप कर सकते हैं, आवश्यक मानदंड दर्ज कर सकते हैं और परिणाम दिखाने के लिए खोज पर टैप कर सकते हैं।

परिवार संख्या के उपयोग द्वारा योजना खोज:




खोज मापदंड के उपयोग द्वारा योजना खोज:





**सामाजिक सुरक्षा के लिए योजना खोज मानदंड**

- राज्य: झारखंड
- लिंग: पुरुष
- बीपीएल: हां
- वैवाहिक स्थिति: विवाहित
- स्वयं की कोई भूमि: नहीं
- घर का प्रकार: बेघर
- आयु: 35




## पात्रता ट्रैकिंग – व्यक्तिगत


पात्रता ट्रैकिंग सुविधा हमें प्रत्येक व्यक्तिगत रिकार्ड की संग्रहित सूचना के आधार पर व्यक्ति के लिये उपयुक्त योजना की खोज और पहचान करने की अनुमति देती है। व्यक्तियों के लिये पात्रता ट्रैकिंग सुविधा  खोलने के लिये हम निम्न में से किसी भी एक विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं:


| | |
|---|---|
|  |  |
| होम स्क्रीन में ‘एंटाइटलमेंट ट्रैकिंग’ अनुभाग के अर्न्तगत ‘इंडिविजुअल’ बटन | होम स्क्रीन के बाएं किनारे से खुलने वाले नेविगेशन पैनल में ‘एंटाइटलमेंट ट्रैकिंग’ अनुभाग के अर्न्तगत ‘इंडिविजुअल’ बटन |

जब ‘एंटाइटलमेंट ट्रैकिंग फॉर इंडिविजुअल’ स्क्रीन खुल जाए तो पात्रता संख्या या अस्थायी पात्रता संख्या दर्ज करें और ‘सबमिट’ पर टैप करें।




ऐसा करने पर ऐप क्रमश: 'एलिजिबल स्कीम' और 'नॉन एलिजिबल स्कीम' नामित दो अलग-अलग टैब्स में व्यक्ति के लिये सभी उपयुक्त और अनुपयुक्त योजनाएं खोज कर प्रदर्शित करेगा।





| | |
|---|---|
| यदि एक व्यक्ति ने अपने योग्य किसी निश्चित योजना के लिये आवेदन किया है या उसका लाभार्थी है तो व्यवस्थापक योग्य योजनाओं की सूची में से उस योजना के लिए 'एप्लाइड' या 'अवेल्ड' चैकबॉक्स पर चुनाव करके उसे ट्रैक कर सकता है। साथ ही इस ट्रैकिंग जानकारी को सुरक्षित करने के लिये 'सेव' पर टैप कर सकता है। | उपयोगकर्ता किसी भी योजना के लिए 'शो डिस्क्रिप्शन' और 'हाईड डिस्क्रिप्शन' पर टैप करके उससे सम्बंधित अधिक जानकारी को प्रदर्शित और छिपा सकता है। |

## पात्रता ट्रैकिंग – पारिवारिक


पात्रता ट्रैकिंग सुविधा हमें प्रत्येक परिवार के रिकार्ड की संग्रहित सूचना के आधार पर परिवार के लिये उपयुक्त योजना की खोज और पहचान करने की अनुमति देती है। परिवारों के लिये पात्रता ट्रैकिंग सुविधा खोलने के लिये मुख्य स्क्रीन में 'एंटाइटलमेंट ट्रैकिंग' अनुभाग में 'हाउसहोल्ड' बटन पर टैप करें।





जब 'एंटाइटलमेंट ट्रैकिंग फॉर हाउसहोल्ड' स्क्रीन खुल जाए तो परिवार संख्या या अस्थायी परिवार संख्या दर्ज करें और 'सबमिट' पर टैप करें।



ऐसा करने पर ऐप में परिवार और उसके व्यक्तियों की संग्रहीत जानकारी के आधार पर, ऐप क्रमश: 'एलिजिबल स्कीम' और 'नॉन एलिजिबल स्कीम' नामित दो अलग-अलग टैब्स में परिवार के लिये सभी उपयुक्त और अनुपयुक्त योजनाएं खोज कर प्रदर्शित करेगा।





यदि एक परिवार ने अपने योग्य किसी निश्चित योजना के लिये आवेदन किया है या उसका लाभार्थी है तो व्यवस्थापक योग्य योजनाओं की सूची में से उस योजना के लिए 'एप्लाइड' या 'अवेल्ड' चैकबॉक्स पर चुनाव करके उसे ट्रैक कर सकता है। साथ ही इस ट्रैकिंग जानकारी को सुरक्षित करने के लिये 'सेव' पर टैप कर सकता है।





उपयोगकर्ता किसी भी योजना के लिए 'शो डिस्क्रिप्शन' और 'हाईड डिस्क्रिप्शन' पर टैप करके उससे सम्बंधित अधिक जानकारी को प्रदर्शित और छिपा सकता है।

# शिकायतें – व्यक्तिगत



शिकायत सुविधा, किसी भी योजना से संबंधित व्यक्ति की शिकायतों को दर्ज करने और उनको ट्रैक करने की अनुमति देती है। व्यक्तियों के लिये शिकायत सुविधा खोलने के लिये हम निम्न में से एक विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं:

<table>
<tr>
<td>


</td>
<td>


</td>
</tr>
<tr>
<td>होम स्क्रीन में 'एंटाइटलमेंट ग्रिएवांस' अनुभाग के अन्तर्गत 'इंडिविजुअल' बटन।</td>
<td>होम स्क्रीन के बाएं किनारे से खुलने वाले नेविगेशन पैनल में 'एंटाइटलमेंट ग्रिएवांस' अनुभाग के अन्तर्गत 'इंडिविजुअल' बटन।</td>
</tr>
</table>

‘ग्रिएवांसेस फॉर इंडिविडुअल्स’ स्क्रीन में, ऐप व्यक्तियों के लिये लागू योजनाओं से सम्बंधित वर्तमान क्षेत्र की सभी शिकायतों की सूची प्रदर्शित करता है। जिन शिकायतों को हल किया जा चुका है उन्हें ‘रिजाल्वड’ नामक टैब में अलग से सूचीबद्ध किया जाता है।

<table>
<tr>
<td>
</td>
<td>
</td>
</tr>
<tr>
<td>यदि उपयोगकर्ता को किसी शिकायत से सम्बंधित कुछ अपडेट करने की आवश्यकता है, तो ऐसा उस शिकायत रिकॉर्ड के लिए ‘अपडेट स्टेटस’ का उपयोग करके किया जा सकता है।</td>
<td>‘व्यू’ बटन किसी भी चयनित शिकायत रिकॉर्ड का विवरण प्रदर्शित करता है।</td>
</tr>
</table>

**रिकॉर्ड्स का वर्गीकरण:**


रिकॉर्ड की सूची का वर्गीकरण स्क्रीन के शीर्ष-दाएं स्थित वर्गीकरण (सोर्टिंग) मेन्यू का उपयोग करके किया जा सकता है।


**रिकॉर्ड्स खोजना:**




उपयोगकर्ता ‘सर्च स्ट्रिंग’ और वह क्षेत्र जिसमें स्ट्रिंग को खोजा जाना चाहिये टाइप करके रिकॉर्ड्स को ढूंढ सकते हैं।

‘रजिस्टर न्यू ग्रिएवांस’ बटन एक नयी शिकायत दर्ज करने के लिये उपलब्ध फार्म को खोलता है।












जिस व्यक्ति को नई शिकायत दर्ज करनी हो, उसकी पात्रता संख्या दर्ज करने पर ऊपर दी गयी स्क्रीन प्रदर्शित होती है। यह फॉर्म व्यक्तियों से संबंधित चयनित योजनाओं से संबंधित शिकायत विवरण को दर्ज करने के लिए होता है। नया शिकायत रिकार्ड बनाने के लिये शिकायत विवरण दर्ज करें और 'सेव' पर टैप करें।

## शिकायतें – पारिवारिक

शिकायत सुविधा, एक परिवार के व्यक्तियों की किसी भी योजना से संबंधित शिकायतों को दर्ज करने और उनको ट्रैक करने की अनुमति देती है। परिवारों के लिये शिकायत सुविधा खोलने के लिये हम निम्न में से एक विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं:

<table>
<tr>
<td>
</td>
<td>
</td>
</tr>
<tr>
<td>होम स्क्रीन में 'एंटाइटलमेंट ग्रिएवांस' अनुभाग के अर्न्तगत 'हाउसहोल्ड' बटन</td>
<td>होम स्क्रीन के बाएं किनारे से खुलने वाले नेविगेशन पैनल में 'एंटाइटलमेंट ग्रिएवांस' अनुभाग के अर्न्तगत 'हाउसहोल्ड' बटन</td>
</tr>
</table>

‘ग्रिएवांसेस फॉर हाउसहोल्ड्स’ स्क्रीन में, ऐप परिवारों के लिये लागू योजनाओं से सम्बंधित वर्तमान क्षेत्र की सभी शिकायतों की सूची प्रदर्शित करता है। जिन शिकायतों को हल किया जा चुका है उन्हें ‘रिजाल्वड’ नामक टैब में अलग से सूचीबद्ध किया जाता है।




‘व्यू’ बटन किसी भी चयनित शिकायत रिकॉर्ड का विवरण प्रदर्शित करता है।

यदि उपयोगकर्ता को किसी शिकायत से सम्बंधित कुछ अपडेट करने की आवश्यकता है, तो ऐसा उस शिकायत रिकॉर्ड के लिए ‘अपडेट स्टेटस’ का उपयोग करके किया जा सकता है।


**रिकॉड्‌र्स  का वर्गीकरण:**
रिकॉर्ड की सूची का वर्गीकरण स्क्रीन के शीर्ष-दाएं स्थित वर्गीकरण (सोर्टिंग) मेन्यू का उपयोग करके किया जा सकता है।

**रिकॉड्‌र्स खोजना:**






उपयोगकर्ता 'सर्च स्ट्रिंग' और वह क्षेत्र जिसमें स्ट्रिंग को खोजा जाना चाहिये टाइप करके रिकॉड्‌र्स को ढूंढ सकते हैं।

'रजिस्टर न्यू ग्रिएवांस' बटन एक नयी शिकायत दर्ज करने के लिये उपलब्ध फार्म को खोलता है।




शिकायत पंजीकृत करने के लिये परिवार संख्या (या अस्थायी परिवार संख्या) दर्ज करें:











एक व्यक्ति को जिस परिवार के लिए नई शिकायत दर्ज करनी है, उसकी परिवार संख्या दर्ज करने पर ऊपर दी गयी स्क्रीन प्रदर्शित होती है। यह फॉर्म परिवारों से संबंधित चयनित योजनाओं से संबंधित शिकायत विवरण को दर्ज करने के लिए होता है। नया शिकायत रिकार्ड बनाने के लिये शिकायत विवरण दर्ज करें और 'सेव' पर टैप करें।

## सेटिंग्स

सेटिंग्स स्क्रीन खोलने के लिए, मुख्य स्क्रीन पर 'सेटिंग' बटन पर टैप करें।




T सेटिंग्स स्क्रीन के अंतर्गत निम्नलिखित तीन विकल्प उपलब्ध हैं:




- **सिंक्रनाइज्ज डेटा** (सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन आवश्यक है)
    - जीईईटी व्यवस्थापक ऐप बिना इंटरनेट कनेक्शन के काम करता है। व्यक्तियों, परिवारों, योजनाओं, शिकायतें, पात्रता ट्रैकिंग आदि से संबंधित सभी रिकॉर्ड जो बनाये या अपडेट किये जाते हैं, आपके डिवाइस में स्थाई तौर पर सेव होते हैं। जब भी इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध हो, अपने सभी रिकाड्र्स को जीईईटी सर्वर में स्थानांतरित करने के लिये 'सिंक्रनाइज डेटा' बटन का उपयोग करें।
    - यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आपके डिवाइस पर बनाए गए सभी रिकॉर्ड अस्थायी रिकॉर्ड होते हैं और स्थानांतरित करने के बाद ही उन रिकॉर्डो को जीईईटी सिस्टम में सुरक्षित तौर पर 'सेव' माना जा सकता है। सर्वर पर स्थानांतरित करने से उन रिकार्डो को अन्य डिवाइसों और यूआरएल : http://geet.observatory.org.in/ पर उपलब्ध जीईईटी वेब सिस्टम से भी एक्सेस किया जा सकता है।
    - सिंक्रनाइज डेटा, वर्तमान क्षेत्र के लिए व्यक्तियों, परिवारों, योजनाओं, शिकायतें, पात्रता ट्रैकिंग आदि से संबंधित किसी भी नए रिकॉर्ड या रिकॉर्ड में हुए अपडेट को भी प्राप्त करता है। ऐसे नए रिकार्ड या रिकार्ड अपडेट अन्य व्यवस्थापकों द्वारा ऐप या वेब प्रणाली का उपयोग कर बनाये गए हो सकते हैं।
    - **यह सलाह दी जाती है** कि जैसे ही इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध हो, आप डेटा को निरंतर


सिंक्रनाइज करें। यह आपके डिवाइस में 'अस्थायी' डेटा को संगृहीत होने से बचाएगा। साथ ही जब भी प्रयास किया जाएगा तो बड़े पैमाने पर संगृहीत हुए अस्थायी डेटा को सिंक्रनाइज करने में समय लगेगा।




- **चेंज रीजन (क्षेत्र का बदलाव)** [सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन आवश्यक है]
    - नए राज्य, जिला, तहसील और गांव का चयन करें और संचालन क्षेत्र को बदलने के लिए 'चेंज रीजन' पर टैप करें।
    - वर्तमान में चयनित क्षेत्र स्क्रीन के शीर्षक के ठीक नीचे प्रदर्शित होता है।
    - ? जब कोई क्षेत्र को बदलता है, तो और इसलिए, इस ऑपरेशन को सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता है

      जब कोई व्यवस्थापक क्षेत्र को बदलता है, तो ऐप डिवाइस में संग्रहीत सभी अस्थायी डेटा को पहले सर्वर पर स्थानांतरित करता है और फिर नए चयनित क्षेत्र के डेटा को सर्वर से डाउनलोड


करता है। इसलिये, इस संचालन के लिए सक्रिया इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है।





- **चेंज लैंग्वेज (भाषा का बदलाव)**
    - नई भाषा चुनें और दूसरी भाषा में बदलने के लिए 'चेंज' पर टैप करें।
    - भाषा बदलने के लिये **सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होती है।**
    - वर्तमान में चुनी गई भाषा स्क्रीन के शीर्षक के ठीक नीचे प्रदर्शित होती है।

## लॉगआउट

वर्तमान में लॉग इन उपयोगकर्ता, मुख्य स्क्रीन के नेवीगेशन मेन्यू में स्थित लॉगआउट बटन (नीचे तस्वीर में दिखाए गए अनुसार) का प्रयोग कर लॉगआउट कर सकते हैं। जब भी उपयोगकर्ता लॉगआउट करता है, डिवाइस में संग्रहित सभी अस्थायी डेटा सर्वर पर स्थानांतरित हो जाता है। इसलिए, लॉगआउट सुविधा के लिए **सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन होना आवश्यक है।**



## पुन: लॉगिन




लॉग आउट करने के बाद उन्हीं खाता सम्बंधित क्रेडेंशियल्स के साथ फिर से लॉगिन करने के लिए, ऐप नीचे दिखाया गया ‘लॉग इन अगेन’ फॉर्म दर्शाता है। यह सुविधा, उस पिछले क्षेत्र का डेटा डाउनलोड किये बिना जहाँ उपयोगकर्ता द्वारा आखिर में कार्य किया गया था, प्रणाली में त्वरित लॉग इन करने की अनुमति देता है। **पुन: लॉगिन के लिये सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन आवश्यक है।**

**ध्यान दें:** यदि पुन: लॉगिन करने का प्रयास कर रहे उपयोगकर्ता के लिए एक्सेस नीति में बदलाव हुआ है तो सौंपे गये एक्सेस अधिकारों के अनुसार ऐप को सर्वर से डेटा डाउनलोड करने की आवश्यकता होगी।